# छात्र बढ़े ३८ हजार महाविद्यालय बढ़ा सिर्फ १

**सामना संवाददाता ▶ मुंबई**

**महाराष्ट्र में नए महाविद्यालय को अनुमति देने पर रोक होने से गत २ वर्षों में २९८ में से सिर्फ एक नए महाविद्यालय को सरकारी मंजूरी देने की जानकारी उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग ने आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को दी है।**

सरकार द्वारा सिर्फ १५.५० प्रतिशत महाविद्यालय को एलओआई (उद्देश्य पत्र) जारी करने के बावजूद असल में एक भी नए महाविद्यालय को शुरू नहीं किया गया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो वर्षों में छात्रों की संख्या ३८ हजार बढ़ी है इसके विपरीत विद्यालय सिर्फ एक बढ़ाया गया है।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग से नए महाविद्यालय और अतिरिक्त डिविजन की जानकारी मांगी थी। उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के कार्यासन अधिकारी और जन सूचना अधिकारी रणजीत अहिरे ने अनिल गलगली को बताया कि नए महाविद्यालय का शैक्षणिक वर्ष २०१४-१५ के लिए कुल १३० प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। १३० प्रस्तावों में से सिर्फ एक ही प्रस्ताव को मान्यता दी गई है। जलगांव विद्यापीठ मान्यता प्राप्त है। उसके बाद शेष १३० प्रस्तावों में से ४६ प्रस्तावों को एलओआई (उद्देश्य पत्र) दिया गया है। अहिरे ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष २०१५-१६ के लिए कुल १६८ नए महाविद्यालय के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुए थे, लेकिन सरकार ने शैक्षणिक वर्ष २०१५-१६ के लिए एक भी नए महाविद्यालय को मंजूर न करने का फैसला लिया है। इसी के चलते सभी प्रस्ताव विद्यापीठ के पास बैरंग वापस लौटाए गए हैं।

नए महाविद्यालय के लिए सर्वाधिक आवेदन संभाजीनगर से प्राप्त हुए हैं। कुल १६ आवेदन संभाजीनगर से हैं और उसके बाद ११ बुलढाणा, ९ पुणे, ९ यवतमाल, ८ नासिक, ७ चंद्रपुर, ७ अकोला, ६ मुंबई, ५ हिंगोली, ५ सोलापुर, ५ अमरावती, ४ परभणी, ४ गडचिरोली, ३ नागपुर, ३ लातूर, ३ जलगांव, ३ नंदुरबार, ३ धाराशिव, २ सातारा, २ नगर, २ नांदेड, २ धुले, २ कोल्हापुर, २ ठाणे, २ बीड, २ रायगढ़, १ वसई, १ रत्नागिरी, १ बारामती और १ सांगली से आवेदन प्राप्त हुए।

गत २ वर्षों में २८.३८ लाख छात्र पास हुए। वर्ष २०१४ की तुलना में वर्ष २०१५ में ३८ हजार छात्रों की संख्या बढ़ गई है।

## 'श्रीराम का नाम ही तारक मंत्र है'

▶ **मुंबई।** श्रीराम से बड़ा राम का नाम है। श्रीराम का नाम ही तारक मंत्र है। यह उद्गार ज्योतिष्पीठ-द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने त्र्यंबकेश्वर-नासिक कुंभ के दौरान सनातन धर्म के अनुयाइयों का मार्गदर्शन करते हुए व्यक्त किया। शंकराचार्य ने अपने संदेश में कहा कि सिंहस्थ कुंभ पर्व में नासिक आकर हमें हार्दिक प्रसन्नता



हुई। आधुनिक समय, जो कि पौराणिक व्याख्या के अनुसार विकराल कलिकाल कहा जाता है, इस समय करोड़ों लोगों द्वारा अत्यंत प्राचीन वैदिक परंपरा का अनुसरण करते हुए कुंभ पर्व पर निर्दिष्ट स्थान पर स्नान करना एवं उसमें पुण्यजनकता मानना आश्चर्यजनक है। इस आश्चर्य का अशेषविश्व को दर्शन कराने का एकमात्र श्रेय इतिहास के महानायक आदि शंकराचार्य एवं उनकी अविच्छिन्न, चतुष्पीठ आचार्य परंपरा को ही जाता है। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंदजी ने कहा कि आज से २५०० वर्ष पूर्व भारत में बौद्धप्रमुख ७२ विभिन्न अवैदिक मतों में भारत खण्डशः विभाजित था। समस्त राजसत्ताओं ने बौद्ध धर्म की दीक्षा ले ली थी ऐसे समय में सनातियों के समक्ष यह यक्ष प्रश्न था कि -कोवेदानुद्धरष्यिति? अर्थात- कौन वेद का उद्धार करेगा? इस प्रश्न का समुचित उत्तर उस समय आदि शंकराचार्यजी ने दिया। बता दें कि त्र्यंबकेश्वर में हुई पेशवाई में सभी अखाड़े शामिल थे।

## राजपाल यादव ने छेड़ा सुर

▶ **मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव ने भी सुर छेड़ दिया है। वे गायक बन गए हैं। कल अंधेरी के एंपायर स्टूडियो में वे एक फिल्म गीत की रिकॉर्डिंग करने पहुंचे। फिल्म का नाम है 'कुटुंब'। फिल्म के निर्देशक हैं अमित श्री यादव। इस फिल्म की एक और बड़ी खासियत है कि इस फिल्म से राजपाल यादव के भाई इंद्रपाल यादव भी बतौर अभिनेता बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म पांच भाइयों की कहानी है। अमित कहते हैं आज भी



कुछ परिवारों में संयुक्त परिवार की परिपाटी है जहां एक अलग ही माहौल नजर आता है। फिल्म के निर्माता है श्याम अवतार केडिया। फिल्म में राजपाल ने जो गीत गाया है उसके बोल हैं, 'अवध के छोरा खेले रे गुलाल...'। फिल्म की अधिकांश शूटिंग इलाहाबाद में की जाएगी।

## 'मेडसकेपइंडिया' अवार्ड में कैंसर शामिल

▶ **मुंबई।** देश में कैंसर मरीजों की दशा बहुत ही बुरी है। इसके प्रति जागररूकता फैलाने के लिए ही इस साल 'मेडसकेपइंडिया' के अवार्ड समारोह में कैटेगिरी बढ़ाई गई है और कैंसर को शामिल किया गया है। संस्था के चौथे अवार्ड समारोह का आयोजन आगामी ३ अक्टूबर को सहारा स्टार में किया गया है। संस्था की प्रमुख डॉ.सुनीता दुबे के अनुसार संस्था कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाती है। यह इस रोग के रोकथाम में काफी सहायक साबित होता है। शिक्षा और जागरूकता फैलाकर इस रोग पर काफी नियंत्रण लगाया जा सकता है। अमेरिका में हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। पहले वहां ६ मरीज में २ या तीन की मौत हो जाती थी। पिछले २० साल में स्थिति बदली है और अब वहां सिर्फ १ मौत होती है। जबकि हिंदुस्थान में कैंसर के दो मरीज में एक की मौत हो जाती है। डॉ. दुबे कहती हैं कि हमारे देश में स्वास्थ्य की प्राथमिकता कभी भी नहीं रही।

## व्यावसायिक पुरस्कार समारोह

▶ **मुंबई।** भारत की अग्रणी बाजार रिसर्च कंपनी वर्ल्डवाइड अचीवर ने 'बिजनेस एक्सलेंस अवार्ड २०१४' की घोषणा की। हाल ही में एक कार्यक्रम में देश भर के प्रमुख स्वायत्त एवं निजी व्यावसायिक कंपनियों को व्यवसाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर गुजरात के मंत्री रमणलाल वोरा,विधायक आदर्श शास्त्री, चेयरमैन ऑफ द आल-इंडिया एंटी-टेररिस्ट फ्रंट के मनिंदरजीत सिंह बिट्टा उपस्थित थे। वर्ल्ड वाइड अचीवर्स के निदेशक पी.के.चौधरी ने कहा कि व्यावसायिक पुरस्कार प्राप्त कंपनियों ने अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। जिससे ग्राहकों के साथ-साथ इस सेक्टर से जुड़े तमाम सेक्टर प्रभावित हुए हैं। उम्मीद है कि भविष्य में पुरस्कार प्राप्त कंपनियां और अच्छी सर्विस ग्राहकों को प्रदान करेंगी। इस अवार्ड का उद्देश बिजनेस उद्योग से जुड़ी तमाम इकाइयों को प्रोत्साहन देना है जिससे उनकी कार्यक्षमता में और कुशलता आए।

## ८ वर्षीय बच्चे का अपहरण

**सामना संवाददाता ▶ वसई**

वालिव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के वाकन पाड़ा क्षेत्र से एक ८ वर्षीय बच्चे के अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने ३६३ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाकन पाड़ा के साईं नगर चाल निवासी सोनू महादेव बिंद (८) रविवार को सुबह ९ बजे के आसपास घर के बाहर खेलने के लिए निकला था। उसके बाद से ही उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने काफी तलाश के बाद इसकी लिखित सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने धारा ३६३ के तहत मामला दर्ज किया है।


## पुलिस ने शुरू किया 'समस्या निवारण दिन'

**सामना संवाददाता ▶ भिवंडी**

भिवंडी के पुलिस स्टेशनों में शिकायत दर्ज कराने अथवा किसी भी समस्या के निदान के लिए अब जनता को पुलिस स्टेशन का चक्कर नहीं कटना पड़ेगा। भिवंडी के डीसीपी सुधीर दाभाडे ने जनता को बेहतर सुविधा प्रदान करने व कानून व्यवस्था का सुदृढ़ बनाने का आश्वासन दिया है। भिवंडी में छह पुलिस स्टेशन हैं जहां पर रोजाना तरह-तरह के मामले दर्ज होते हैं। जनता द्वारा दर्ज शिकायत का पता नहीं चल पाता है। भिवंडी के पुलिस उपायुक्त सुधीर दाभाडे ने जनता व पुलिस के बीच की दूरी को खत्म करने व निष्क्रिय पुलिसवालों पर नकेल कसने के लिए 'समस्या निवारण दिन' की शुरूआत की है। डीसीपी दाभाडे ने बताया कि उक्त दिन का आयोजन सभी पुलिस स्टेशन में हर शनिवार को किया जाएगा। सुबह १० बजे समस्या निवारण दिन की शुरूआत होती है तथा यह लगातार ११.३० बजे तक चलता है।



**शिवड़ी स्थित प्रबोधनकार ठाकरे उद्यान में शिवसेना स्वर्ण महोत्सव वर्ष के अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए विभागप्रमुख आशीष चेंबूरकर, नगरसेविका श्वेता राणे, शाखाप्रमुख हनुमंत हिंदोले, शुभदा पाटील, निवांत घेरडे, उपशाखाप्रमुख किशोर घाडीगावकर आदि।**



**कराटे चैंपियन भावासि सिंह की मदद के लिए वसई स्थित उसके आवास पर शिवसेना पालघर जिले के उपजिला प्रमुख व नगरसेवक धनंजय गावडे ने भावासि के परिजनों से मिलकर उसकी मदद के लिए २५ हजार रुपए नगद प्रदान किया।**



**डन एंड ब्रैडस्ट्रीट तथा सेडार मैनेजमेंट कंसल्टिंग बैंकिंग अवार्ड्स के अवसर पर 'इंडिया टॉप बैंक्स २०१५' के नौवें संस्करण का अनावरण करते हुए राज्यपाल सीएच विद्यासागर राव।साथ में राइटर कारपोरेशन के सुनील अय्यर,डीएंडबी के कौशल संपत,सेडार के संजीव आनंद व एचपी इंडिया के राजीव श्रीवास्तव दिखाई दे रहे हैं।**



**कर्मयोगी कै. चिक्कय्या पुजारी चेरिटेबल ट्रस्ट पुरस्कृत आश्रय सामाजिक संस्था द्वारा वाकोला में आयोजित 'संयुक्त संस्कृती दाहीकाला उत्सव २०१५' में सलामी देनेवाले गोविंदा पथकों को स्मृति चिन्ह देते हुए शिवसेना सांसद विनायक राऊत। संस्था के अध्यक्ष एल.सी.पुजारी भी दिखाई दे रहे हैं।**